ऐसा वर दो कांगड़े वाली

ऐसा वर दो कांगड़े वाली
जागरण तेरा कराता रहु।
ढोलक जांच मंजीरों के संग नाच नाच के गाता रहु।।

बड़े भाग से ये तन मिलता
जन्म जन्म के बंदो से।
फिर भी मोह माया फसते अपने गोरख धंधों से।
भावना मन में एक यही है
दर्शन तेरे पाता रहु।
ढोलक जांच मंजीरों के संग नाच नाच के गाता रहु।।
ऐसा वर दो.....

जगती है जब तेरी ज्योति दूर कष्ट हो जाते है
जपके तेरे नाम की माला भक्ति में खो जाते है।
और... तन मन धन की नहीं है परवाह
बस ये नियम निभाता रहु।
ढोलक जांच मंजीरों के संग नाच नाच के गाता रहु।।
ऐसा वर दो......

ऐमिल का ये अर्थ है शर्मा
आ मिल आ मिल भोली माँ।
मेरे माथे पर लग जाये शुभ चरणों की धूली माँ।
रोगो से मुक्ति मिल जाये ऐसी दवा बनाता रहु।
ढोलक जांच मंजीरों के संग नाच नाच के गाता रहु।।
ऐसा वर दो......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22717/title/Aisa-var-do-kangre-wali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |